जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 60 | अंक-1 | जयपुर, सोमवार, 1 जनवरी, 2024 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4


## राज्यपाल ने 12 केबिनेट एवं 10 राज्य मंत्रियों को दिलाई शपथ, राजभवन में आयोजित हुआ शपथ ग्रहण समारोह



**जयपुर (हमारा वतन)।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजभवन में आयोजित भव्य समारोह में 12 केबिनेट एवं 10 राज्य मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। राज्य मंत्रियों में 5 राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार सम्मलित हैं। राष्ट्रगान से प्रारंभ हुए शपथ ग्रहण समारोह से पहले मुख्य सचिव उषा शर्मा ने राज्यपाल मिश्र से शपथ दिलवाने के लिए अनुमति ली। राज्यपाल मिश्र द्वारा मंत्री परिषद सदस्यों को अपने नाम के साथ पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ से पूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने शपथ लेने वाले मंत्रियों का नाम पुकारा।

राज्यपाल मिश्र ने आरंभ में 12 को केबिनेट मंत्री के पद की शपथ दिलाई। इसके बाद उन्होंने 5 को राज्य मंत्री, स्वतंत्र प्रभार की और 5 को राज्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम की कार्यवाही का संचालन मुख्य सचिव उषा शर्मा ने किया शपथ ग्रहण समारोह में राज्य मंत्रिपरिषद के सभी सदस्यों ने हिन्दी भाषा में ईश्वर को साक्षी मानकर पद और गोपनीयता की शपथ ली। राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने मंत्री परिषद सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दी। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा और उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने भी शपथ लेने वाले सभी मंत्रियों को बधाई शुभकामनाएं दी। शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित विधायकों सहित प्रशासनिक, पुलिस व न्यायिक सेवा के अधिकारियों के साथ ही राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आए बड़ी संख्या में नागरिकगण मौजूद रहे।

**केबिनेट मंत्री-**

1 डॉ. किरोड़ी लाल मीणा
2 गजेन्द्र सिंह खींवसर
3 राज्यवर्धन सिंह राठौड
4 बाबूलाल खराड़ी
5 मदन दिलावर
6 जोगाराम पटेल
7 सुरेश सिंह रावत
8 अविनाश गहलोत
9 जोराराम कुमावत
10 हेमंत मीणा
11 कन्हैया लाल चौधरी
12 सुमित गोदारा

**राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**


1 संजय शर्मा
2 गौतम कुमार दक
3 झाबर सिंह खर्रा
4 सुरेन्द्रपाल सिंह टी.टी.
5 हीरालाल नागर

**राज्य मंत्री**

1 ओटाराम देवासी
2 डॉ. मंजू बाघमार
3. विजय सिंह चौधरी
4 के.के. विश्नोई (कृष्ण कुमार विश्नोई)
5 जवाहर सिंह बेढम

## शिक्षा व पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी का हुआ भव्य सम्मान

**देहरादून (हमारा वतन)।** जनपद टिहरी गढ़वाल के घनसाली बीडीसी सभागार में आयोजित शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी में शिक्षा व पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए राजकीय इण्टर कालेज मरोड़ा (सकलाना) में शिक्षक के पद पर कार्यरत पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी को उत्तराखंड सरकार के विधानसभा क्षेत्र घनसाली विधायक शक्तिलाल साह ने प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। जनपद टिहरी गढ़वाल का अनु.जा, जनजाति शिक्षक एसोसिएशन का शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक शक्ति लाल साह, विशिष्ट अतिथि मंडलीय अध्यक्ष अनूप पाठक व अध्यक्षता जिलाध्यक्ष लोकेंद्र साह ने की। विधायक शक्ति लाल शाह ने कहा कि समाज में कार्य करने वालो को देर से भले सम्मान तो मिलता है, वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी कई सालों से निरन्तर शिक्षा के साथ पर्यावरण को बचाने के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं ऐसी शख्सियत को सम्मानित करने का मुझे मौका मिला जिन्होंने अपना जीवन प्रकृति



के लिए समर्पित किया है। सम्मानित होने पर उन्हें बधाई दी।

वही अनूप पाठक ने कहा कि डॉ. सोनी शिक्षा विभाग के लिए एक ताज हैं जहां वे छात्रों के भविष्य के लिए समर्पित है ।

वही आनेवाले पीढ़ी के लिए पर्यावरणीय संतुलन बनाने के लिए निरन्तर कार्य कर रहे हैं। डॉ. सोनी ने विधायक व अतिथियों को एक एक तुलसी का पौधा उपहार में भेंट किया। कार्यक्रम में महावीर श्रीयाल, मांगिराम मौर्य, गजेंद्र सिंह, नवीन भारती, रघुवीर तोमर, जितेंद्र बुटोइया, विक्रम सिंह बिहानिया, रेनू बाला, भीमलाल मेहरा, रवि कुमार, संदीप कुमार, विनोद कुमार सैंस्वाल, विनोद लाल, डी बैरवान आदि उपस्थित रहे ।

## पूजा चौधरी बनी मिस इंडिया मॉडल ऑफ़ द ईयर 2023 व उषा मदनानी बनी मिसेज इंडिया मॉडल ऑफ़ द ईयर 2023

**जयपुर (हमारा वतन)।** बीसलपुर होटल एंड रिजॉर्ट में जयपुर ग्रीन डेवलपर्स और बीसलपुर ऑर्गेनिक फार्मिंग के तत्वाधान में आयोजित मॉडल ऑफ़ द ईयर मिस एंड मिसेज इंडिया 2023 का आयोजन किया गया जिसमें दिल्ली से आई पूजा चौधरी ने मिस इंडिया का खिताब जीता जबकि जयपुर की उषा मदनानी ने मिसेज इंडिया 2023 का खिताब जीता । कार्यक्रम के आयोजक जयपुर ग्रीन डेवलपर्स के डायरेक्टर राजेश सैनी, रामप्रसाद मीणा, एडवोकेट रामबाबू सैनी,





जीतराम सैनी ने बताया की मिस कैटेगरी में फर्स्ट रनर उप ग्वालियर से आई सोनी पाल जबकि मिसेज कैटेगरी में फर्स्ट रनर उप भारती अल्यूरिया बनी। मिस्टर कटेगरी में कर्ण परिहार विजेता रहे, जबकि सेम ओबेरॉय फर्स्ट रनर उप रहे । कार्यक्रम को गोल्ड इवेंट के राज शर्मा और राहुल शर्मा ने मैनेज किया ।




## धन्यवाद पाठको !

सन 1965 में आज से ठीक 59 साल पहले हमारा वतन साप्ताहिक समाचार पत्र की शुरुआत स्वतंत्रता सेनानी स्व.श्री राजेंद्र कुमार अजेय ने जयपुर से की थी । आप सभी पाठकों के सम्मान और विश्वास के साथ 60 वें साल में प्रवेश करते - करते हमारा वतन देश का लोकप्रिय अखबार बन गया है। नई दिल्ली, महाराष्ट ,उत्तर प्रदेश ,मध्य प्रदेश, हरियाणा ,पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखंड राज्यों में प्रसारित हो रहा है । हमारा वतन की ऊर्जा का स्रोत आप जैसे सुधि पाठक हैं । आपकी जरूरत, सुझाव और मार्गदर्शन में हमारा वतन ने सूचनाएं समाचारों से आगे जाकर देश को अग्रिम रखने वाली पत्रकारिता की है ।

आज के जमाने के साथ चलने के लिए हमारा वतन समाचार पत्र अब www.hamarawatan.com पर भी उपलब्ध है। इसी के साथ हमारा वतन की ख़बरों को आप यूट्यूब चैनल, फेसबुक, इन्सटाग्राम और X पर भी देख सकते हैं ।

हमारा वतन परिवार 60 वें वर्ष में प्रवेश करते हुए आप सभी पाठकों और विज्ञापन दाताओं को कोटि-कोटि आभार प्रकट करता है और विश्वास दिलाता है कि हमेशा आपके लिए, आपकी सलाह से, आप ही की जरूरतों का अखबार बनाते रहेंगे । फिर से धन्यवाद, पढ़ते रहिए हमारा वतन ।

**राम गोपाल सैनी (संपादक)**

## -: बधाई संदेश :-

**सुन मेरे गांव की मिट्टी,तुझे सलाम मेरा !**
**तेरे ही साथ जुड़ा है, हमेशा नाम मेरा!**

इंसान जिंदगी भर अपनी जन्म भूमि को नहीं भूल सकता है! ये बात कोई उनसे पूछे,जो अपनी माटी से दूर ,परदेस में रहते हैं कि उन्हें अपने वतन की याद कितनी सताती है !

इन्ही भावनाओं की गंध में रचा बसा एक समाचार पत्र मेरी जन्म भूमि चौमूं की पावन धरती से प्रकाशित होता है जो देशभक्ति ,राष्ट्र प्रेम, भाईचारा, मुहब्बत का संदेश बहुत लम्बे समय से जन मानस में प्रचारित ,प्रसारित कर रहा है ,जिसका नाम है हमारा वतन ! मैं जिस मिली जुली संस्कृति की बात अपने गीतों ,लेखों, कविताओं में कर रहा हूं, मुझे ये संस्कार इसी धरती ने दिए हैं! उसके बाजार ,गलियां, घर, मंदिर, मस्जिद और मेल जोल हमेशा मेरे मस्तिष्क में तैरते रहते हैं! मैंने एक दोहा कभी इस धरती की एकता को समर्पित किया था -



\- इकराम राजस्थानी

**कभी टूट सकता नहीं,सदियों का है साथ!**
**कलंदरी मस्जिद इधर, उधर है लक्ष्मी नाथ !!**

मुझे खुशी है कि मेरे छोटे भाई ! पत्रकार और अख़बार के संपादक राम गोपाल सैनी के नेतृत्व में 'हमारा वतन' समाचार पत्र जनवरी 2024 में 60 वें साल में प्रवेश कर रहा है! इतने लम्बे समय तक इतनी सफलता पूर्वक इस गौरवशाली यात्रा के लिए मैं हृदय की गहराइयों से सैनी को शुभकामनाएं देता हूं और इस समाचार पत्र के लिए मंगल भविष्य की कामना करता हूं!

**मिल जुल के साथ रहने का,हर दम चलन रहे!**
**हम सबकी दुआ है,ये हमारा वतन रहे!!**

**-सुप्रसिद्ध साहित्यकार, अंतर्राष्ट्रीय गीतकार, आकाशवाणी डायरेक्टर और पूर्व चेयरमैन पंडित जवाहरलाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी राजस्थान**

*नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ !!*

## हमारा वतन समाचार पत्र




की और से सभी देशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

# सेजल पवार बनी मिस इंडिया आइकॉन 2023, समाजसेवी बसंत जैन रहे मुख्य अतिथि



**नई दिल्ली (हमारा वतन)।** दिल्ली में आयोजित मिस इंडिया आइकॉन 2023 फाइनल में सेजल पवार मिस इंडिया आईकॉन सिलेक्ट हुई हैं। समारोह के मुख्य अतिथि श्री भारत वर्षीय दिगंबर जैन महासभा श्रुत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सरस्वती प्रिंटिंग इंडस्ट्रीज ग्रुप के अध्यक्ष, प्रमुख समाजसेवी एवं उद्योगपति बसंत जैन बैराठी ने ताज पहनाया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई तथा डायरेक्टर द्वारा मुख्य अतिथि बसंत जैन को बुके और मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बसंत जैन बैराठी ने कहा कि निश्चित तौर पर अब समय बहुत बदल चुका है, लड़कियों के लिए फैशन के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित हो चुके हैं, जिसमें धन, ख्याति की प्राप्ति संभव है तथा विश्व पटल पर बहुत बड़े आयोजनों में भारतीय लड़कियां अपना वर्चस्व स्थापित कर रही है।

मिस इंडिया आइकॉन की डायरेक्टर निशा यादव ने बताया कि फाइनल से पहले भारतवर्ष के 10 बड़े शहरों जयपुर, मुंबई, असम, पुणे, गुरुग्राम,इंदौर में 200 से अधिक प्रतिभागियों के ऑडिशन हुए उनमें से 40 गर्ल्स का दिल्ली में सेमीफाइनल हुआ। उसमें से टॉप 20 गर्ल्स का फाइनल के लिए सलेक्शन हुआ है।

कार्यक्रम की मुख्य जूरी जयपुर से अनीता माथुर ,मिस्टर जसकीरत सिंह, मोनिका चौधरी ,डॉक्टर नवनीत अरोरा एवं मिस हेरिटेज मिस एशिया बेल प्रमुख रहे। कार्यक्रम में पांच राउंड हुए उसमें प्रमुख मॉडर्न फैशन, एथेनिक फैशन राउंड ,बोल्ड फैशन राउंड, क्वेश्चन आंसर राउंड आदि को आधार बनाकर सिलेक्शन हुआ। इस कंपटीशन में सेजल पवार विनर रही। साथ ही फर्स्ट रनर अप दीपा भट्ट, सेकंड रनर अप अल्फा इक्का, थर्ड रनर अप अनामिका सिंह रही। इसके अलावा ग्रैंड फिनाले से पहले। दिन के लिए ग्रुमिंग सीजर एक्सपर्ट के द्वारा उनके पोज पोस्चर, एक्सप्रेशंस, बॉडी लैंग्वेज और कम्युनिकेशन स्किल की ट्रेनिंग दी गयी।



# समाजसेवी राघब चंद्र नाथ ने हैलाकांडी जिले के आमतला पर लगाया सचेतनता शिविर

**असम (हमारा वतन)।** समाजसेवी राघब चंद्र नाथ ने हैलाकांडी जिले के आमतला पर सचेतनता शिविर लगाकर अंगदान के लिए जाग्रत किया उन्होंने सबसे पहले अंग दान की जरुरत के बारे में बताया कि हमें क्यों अंग दान करना चाहिए। बताया कि विश्व की सबसे कम उम्र 74 मिनट इस धरती पर जीने वाली बच्ची ने अंगदान किया था। इससे प्रेरणा लेकर हमें भी लोगों का जीवन बचाना चाहिए। इस के बारे में बताकर लोगों को प्रेरित किया ताकि सभी भारत सरकार की वेबसाइट पर जाकर अंग दान का पंजीकरण करे एवं सभी को समझाए।

# जेसीआई बेंगलुरु कॉस्मो द्वारा कॉस्मो अवार्ड नाइट्स कैंडिड का हुआ आयोजन




**बेंगलुरु (हमारा वतन)।** जेसीआई बेंगलुरु कॉस्मो द्वारा लागो पाम रिसोर्ट में कॉस्मो अवार्ड नाइट्स कैंडिड Can-Did का आयोजन किया गया। अवार्ड नाईट का शुभारंभ गणेश वन्दना से हुआ। कॉस्मो अध्यक्ष दिनेश मरोठी ने सभी का स्वागत करते हुए वर्ष भर में कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं की सराहना की एवं सभी सहयोगियों का स्वागत किया। इस रंगारंग शाम में कॉस्मो के विभिन्न सदस्यों ने अपनी प्रस्तुति दी। संपूर्ण वर्ष में कार्य करने वाले विभिन्न कार्यक्रम के संयोजकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। श्रेष्ठ ऑफिसर का पुरस्कार भी कैलाश जेन, श्रेष्ठ सदस्य पुरस्कार अक्षय चावत, उत्कृष्ट नवीन सदस्य का पुरस्कार उर्वशी पुगलिया, सर्वश्रेष्ठ प्रोजेक्ट के रूप में कॉस्मो प्रीमियर लीग, उप विजेता के रूप में ज़ोनल ट्रेनर वर्कशॉप, श्रेष्ठ महिला सदस्य का पुरस्कार श्वेता राखेचा, नए सदस्य के रूप में हिना जेन को मिला। जूनियर वर्ग में पर्व जैन और हृदय जैन का सम्मान किया गया। श्रेष्ठ डायरेक्टर का पुरस्कार सूरज जैन और श्रेष्ठ प्रोजेक्ट डायरेक्टर का पुरस्कार अर्हम पोरवाड़ को मिला। इस अवार्ड नाईट में जेसीआई बैंगलोर कॉस्मो की वार्षिक पत्रिका वार्तापत्र 4.0 का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 2024 की नई टीम को भी मंच पर आमंत्रित किया गया। नवमनोनीत अध्यक्ष भरत रूनवाल ने सभी सदस्यों से आगामी वर्ष में भी सहयोग प्रदान करने का निवेदन किया। अवार्ड नाइट के पश्चात गौरव मालवीय ने लगभग 2 घंटे तक सभी सदस्यों को गिटार पर मधुर नग़मे सुनाये जिन्हें सुनकर सभी झूमने लगे।

इस कार्यक्रम के आयोजन में सचिव कैलाश जैन कोषाध्यक्ष दीपक जैन, समन्वयक सूरज जैन, ममता मूणोत, मानसी जैन, नरेंद्र चोरडिया अनिल भरसरिया आदि सदस्यों का विशेष सहयोग मिला।



# 105 वर्षीय महिला ने किया षष्टम उपनयन संस्कार के पोस्टर का विमोचन

**जयपुर (हमारा वतन)।** ब्राह्मण समाज राजस्थान जयपुर जिला देहात के द्वारा 21 जनवरी 2024 को कागलिया वाले बालाजी मंदिर, मोरीजा रोड, चौमूं पर आयोजित होने वाले षष्टम उपनयन (यज्ञोपवीत) संस्कार के पोस्टर का विमोचन जैतपुरा निवासी 105 वर्षीय शतायु (वयोवृद्ध) महिला मोहिनी देवी शर्मा ने किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी, जिला संरक्षक डॉ ओम प्रकाश शर्मा, जिला महासचिव बनवारी लाल शर्मा, चौमूं तहसील अध्यक्ष डॉ रामप्रकाश शर्मा, प्रचार प्रचार मंत्री चंद्र प्रकाश शर्मा, जिला मंत्री ओमप्रकाश रीडर, रामेश्वर प्रसाद शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, हरीश शर्मा, मनीष शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।




# दत्तात्रेय आश्रम में आयोजित हुई विशाल भजन संध्या

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं के ग्राम मोरीजा के अनंतपुरा रोड पर गोल्यावाला क्षेत्र में स्थित दत्तात्रेय आश्रम में विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ। महंत सागर पुरी महाराज के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध संत व भजन गायक प्रकाश दास महाराज ने भजन प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह शरीर गौ सेवा व सनातन धर्म की रक्षा के लिए बना है,इसके बिना भगवत प्राप्ति असंभव है। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से गौ सेवा व सनातन धर्म की रक्षा के लिए यथाशक्ति समर्पण सहयोग का आह्वान किया। इस अवसर पर महंत सागर पुरी महाराज ने कहा कि गौशालाओं के सफल संचालन व गौसंवर्धन के लिए भामाशाओं को आगे आना चाहिए। यदि हर व्यक्ति गौ पालन व सेवा के प्रति समर्पित रहे तो गौवंश सुरक्षित रखा जा सकता है। कार्यक्रम में संत प्रकाश दास महाराज ने देश भक्ति व प्रेरणादायक भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में जोधपुर से पधारे कलाकारों ने भजन गायक जसराज शर्मा के सानिध्य में मनमोहक भजन प्रस्तुत किए। भजन संध्या के दौरान चौमूँ विधायक डॉ.शिखा मील बराला,रालोपा प्रदेश महामंत्री छुट्टन यादव,चौमूँ थानाधिकारी प्रदीप शर्मा, डेयरी सचिव कैलाश चौपड़ा, अनंतपुरा सरपंच मदन टोडावता, मोरीजा सरपंच मंगलचंद सैनी, पूर्व सरपंच बलबीर शर्मा, उपसरपंच सुदर्शन शर्मा, पूर्व वार्ड पंच महेश काबरा, कमलेश संत, फल सब्जी मंडी चौमूँ अध्यक्ष रामलाल चौपड़ा, नरेंद्र जांगिड, शंकर रूंडला, आनंद कुमार मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# प्रदेशवासियों को मुख्यमंत्री का नववर्ष का तोहफा - आज 1 जनवरी से मिलेगा 450 रूपए में गैस सिलेंडर



**जयपुर (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नये साल की सौगात देते हुए 1 जनवरी, 2024 से प्रदेश की महिलाओं को 450 रूपए में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सब्सिडी राशि लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित की जाएगी। प्रदेशवासियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महिलाओं, युवाओं, किसानों एवं गरीबों के कल्याण की गारंटी पर विश्वास जताया। प्रदेश सरकार संकल्प पत्र में जनता से किए सभी वादे पूरा कर पं. दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय की संकल्पना साकार करने हेतु कृत संकल्पित है। यह प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हम प्रतिबद्धता के साथ प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई इस यात्रा को सफल बनाकर आमजन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाएंगे। हमारी सरकार राजस्थान को देशभर में अग्रणी राज्य बनाने के निश्चय के साथ कार्य कर रही है। राज्य में हर फैसला प्रदेश एवं प्रदेशवासियों की उन्नति को केन्द्र में रखकर लिया जा रहा है। प्रदेश सरकार विकसित भारत के सपने को साकार करने में कोई कमी नहीं रखेगी। 1 जनवरी, 2024 से ''रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना'' के तहत प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना एवं चयनित बीपीएल परिवारों को मात्र 450 रूपए में गैस सिलेंडर मिल सकेगा।

योजना के तहत सालभर में कुल 12 सिलेंडर लाभार्थी ले सकेंगे। इससे प्रदेश की गरीब महिलाओं को रसोई खर्च का भार कम होने से राहत मिलेगी एवं धुएं से भी मुक्ति मिलेगी। इस हेतु लाभार्थी को विकसित भारत यात्रा शिविरों में पंजीयन करवाना होगा।

## जॉब्स-

1. उत्तर प्रदेश पुलिस, पद कंप्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामर, पद संख्या 985, अंतिम तिथि 28 जनवरी 2024
2. उत्तर प्रदेश पुलिस, पद एसआई एएसआई, पद संख्या 921, अंतिम तिथि 28 जनवरी 2024
3. उत्तर प्रदेश पुलिस, पद कांस्टेबल, पद संख्या 60244, अंतिम तिथि 16 जनवरी 2024
4. पटना हाई कोर्ट बिहार, पद जिला जज, पद संख्या 30, अंतिम तिथि 20 जनवरी 2024
5. सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया, पद सफाई कर्मचारी, पद संख्या 484, अंतिम तिथि 9 जनवरी 2024
6. इंटेलिजेंस ब्यूरो, पद एसीआइओ, पद संख्या 226, अंतिम तिथि 12 जनवरी 2024
7. जनरल इंश्योरेंस कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया, पद स्केल वन पोस्ट, पद संख्या 85, अंतिम तिथि 12 जनवरी 2024
8. बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, पद नर्सिंग ऑफिसर व अन्य, पद संख्या 247, अंतिम तिथि 22 जनवरी 2024

## बॉलीवुड चटकारा

## एक्टर्स के साथ सोने की बात पर ऐश्वर्या शर्मा ने किया था ब्रेकअप, बोलीं- वो तस्वीरें लीक कीं जो...

ऐश्वर्या शर्मा जब बिग बॉस 17 में खेल रही थीं तो उनके एक्स-बॉयफ्रेंड सुर्खियों में थे। राहुल पांड्या नाम के शख्स ने उन्हें लेकर कई तरह के दावे किए थे। शो से बाहर होने के बाद ऐश्वर्या ने सबसे पहले इस कॉन्ट्रोवर्सी पर बात की थी। उस वक्त उन्होंने चीजें इतनी खुलकर नहीं कही थीं। अब एक इंटरव्यू में बताया है कि राहुल पांड्या ने ऐश्वर्या से ऐसा क्या कहा था कि उन्होंने तुरंत अपना रिश्ता खत्म कर लिया। बातचीत के दौरान ऐश्वर्या ने राहुल पांड्या को जमकर खरी-खोटी सुनाई।



**कही थी एक्टर्स के साथ सोने की बात**-बिग बॉस 17 से इविक्शन के बाद ऐश्वर्या शर्मा के सामने बाहर की दुनिया की कई गॉसिप्स सामने आ रही हैं। अब तक वह कई मीडिया इंटरव्यूज में अपने एक्स के दावों पर अपना रिऐक्शन दे चुकी हैं। अब टेलीचक्कर की क्लिप वायरल है। इसमें ऐश्वर्या ने दावा किया है कि खुद को उनका एक्स बताने वाले राहुल पांड्या ने उनसे कितनी घटिया बात की थी। ऐश्वर्या ने बताया कि उस शख्स ने कहा था कि वह फिल्मी दुनिया में गईं तो एक्टर्स और प्रोड्यूसर्स के साथ सोएंगी।

**9 साल से कहां था वो बंदा?**ऐश्वर्या बोलीं, वह दावा करता है कि मैंने उससे शादी की थी। प्लीज मुझे मैरिज सर्टिफिकेट दूंगी। जो इंसान मेरी जिंदगी से जा चुका है। वो मेरी इतनी पुरानी फोटोज हैं। वह मेरे कॉलेज का बंदा था। वह ये सब फेम के लिए आ रहा है। मैं बिग बॉस में हूं। मैं शादीशुदा हूं। मैंने गुम है किसी के प्यार में किया है। इंडस्ट्री में 9 साल से हूं। वह बंदा 9 साल से कहां था।

**नहीं की पैसों से मदद** -मुझे फेम और सक्सेस मिली, जब मैं खतरों के खिलाड़ी करने गई तब क्यों नहीं आए। जब मैं बिग बॉस करने गई तो कॉन्ट्रोवर्सी करके घर में घुसना है। क्योंकि उनको पता है कि एक्स आ रहे हैं शो में। वो बोलता है कि फाइनैंशियली हेल्प किया है। मेरी फैमिली अच्छी खासी है।

## रुबीना दिलैक ने खोला बेटियों की सूरत से जुड़ा सीक्रेट, बोलीं- क्यूट सी हैं लेकिन...

रुबीना दिलैक अपनी बच्चियों की पहली झलक अपने शुभचिंतकों को दिखा चुकी हैं। अब उनसे जुड़ी कुछ इंट्रेस्टिंग बातें बताई हैं। रुबीना ने बताया कि उन्होंने तय कर लिया था कि बच्चों के नाम यूनीक रखेंगे। इसलिए बहुत पहले ही 4 नाम सोचकर रखे थे। 2 लड़कों और 2 लड़कियों के। ट्विन्स के जन्म के बाद उनका रूटीन वापस ट्रैक पर आ रहा है। रुबीना ने यह भी बताया कि उनकी बेटियां कैसी दिखती हैं। जुड़वां बच्चों को कैसे पालना है, रुबीना ने इसकी पूरी तैयारी भी कर ली है। **नॉन आइडेंटिकल ट्विन्स**-बिग बॉस 14 विनर रुबीना दिलैक ने जुड़वां बेटियों को जन्म दिया है। ट्विन्स की परवरिश के लिए वह और अनुभव कितनी तैयार हैं, इस पर उन्होंने बातचीत की। हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत में रुबीना ने बताया, ईश्वर की कृपा से हमारा रूटीन बेहतर हो रहा है। 27 नवंबर को हमारे बेटियां हुई। दोनों छोटी सी, प्यारी सी हैं लेकिन नॉन-आइडेंटिकल ट्विन्स (जिनकी शक्ल नहीं मिलती) हैं। हमने 4 नाम शॉर्टलिस्ट किए थे। इसके लिए काफी पहले से होमवर्क कर लिया था। रुबीना की बेटियों के नाम एधा और जीवा हैं।



**9 महीने में कर ली तैयारी**-बच्चियों को पहली बार गोद में लेकर कैसा लगा, इस पर रुबीना बोलीं, उस फीलिंग्स को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता लेकिन जबसे ये लड़कियां मेरी जिंदगी में आई हैं, बहुत कुछ बदल गया। रुबीना ने बताया कि ट्विन प्रेग्नेंसी भी उनकी पहली प्रेग्नेंसी थी तो वह तुलना नहीं कर पाएंगी कि एक बच्चे को कैरी करना कठिन है या दो को। बताया कि उन्होंने और अभिनव ने 9 महीनों में खुद को तैयार कर लिया था। सिंगल प्रेग्नेंसी होती तो भी ऐसी ही तैयारी रहती।

## दलजीत कौर ने बताया औरतों के लिए क्यों जरूरी है पीरियड लीव

पीरियड्स लीव पर स्मृति ईरानी के बयान पर अब टीवी एक्ट्रेस दलजीत कौर का रिएक्शन चर्चा में है। दलजीत ने स्मृति की बातों पर असहमति जताई है और इंस्टाग्राम पर अपना अनुभव लिखा है। उन्होंने बताया कि पीरियड्स के दौरान उन पर क्या बीतती है। दलजीत ने लिखा कि भयंकर दर्द के साथ वह उल्टियां करती हैं। हर महिला का अनुभव अलग है इसलिए इस दिन रेस्ट करने के लिए छुट्टी मिलनी चाहिए। बता दें कि स्मृति ईरानी ने कहा था कि वह पीरियड लीव के समर्थन में इसलिए नहीं हैं कि महिलाओं को इससे हैरासमेंट और भेदभाव झेलना पड़ सकता है।



**हर लड़की का दर्द है अलग**-स्मृति ईरानी पीरियड्स को महिलाओं के लिए कोई बाधा नहीं मानतीं। वह इस दौरान पेड लीव देने के समर्थ में भी नहीं हैं। उनके बयान के बाद इस मुद्दे पर लोगों के तरह-तरह के रिऐक्शंस देखने को मिल रहे हैं। अब टीवी एक्ट्रेस दलजीत कौर ने अपना अनुभव साझा किया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट पर लिखा, पीरियड्स के दौरान मुझे भयंकर पेट दर्द होता है। बचपन से ही मुझे दूसरी लड़कियों से अलग महसूस होता है।

**होते हैं भयंकर क्रैम्प्स**-दलजीत ने आगे लिखा है, मेरी खुद की बहन दर्द बर्दाश्त कर लेती है लेकिन मेरा इतना बुरा होता है कि ब्लीडिंग के एक दिन पहले शुरू हो जाता है। मेरा जी मिचलाता, क्रैम्प्स होते हैं, पेट फूलता है और पूरे शरीर से हीट निकलती है। उन दिनों हर महीने मेरे बुरी तरह ऐंठने निकलते हैं। इसलिए हां, महिलाएं बिस्तर पर बैठकर हीट पैड लेने और जिन दवाओं की जरूरत हो उसके लिए छुट्टी डिजर्व करती हैं।

# अपने अंदाज में करें नए साल का स्वागत

दीवाली और क्रिसमस की मस्ती न्यू ईयर सेलब्रेशन तक बरकरार रहती है। नए साल के आगाज से पहले ही उसके स्वागत के लिए लोग जुट जाते हैं। ऐसा बैलेंस्ड टाइमटेबल बनाना होता है कि फेमिली और फ्रेंड्स, दोनों ही मैनेज हो जाएं। वेन्यू और मेन्यू के साथ ही पार्टी थीम भी तय करनी होती है। इतना हो जाए, फिर ध्यान डेकोरेशन, गिफ्ट्स और ड्रेसेस पर जाता है। आपकी इतनी सारी तैयारियों में थोडी सी मदद करने के लिए हम आपके लिए लाए हैं कुछ चुनिंदा पार्टी आइडियाज।बच्चे हों या बडे, 'पार्टी शब्द सुनते ही सबका मन खुशी से झूमने लगता है। पार्टी लवर्स के लिए न्यू ईयर एक ऐसा मौका होता है जब वे 31 दिसंबर से जनवरी के पहले हफ्ते तक बेहद व्यस्त रहते हैं। कभी कॉलेज पार्टी तो कभी हाउस पार्टी, कभी मोहल्ला पार्टी तो कभी ऑफिस पार्टी... अगर किसी अपार्टमेंट में रह रहे हैं तो वहां की पार्टी, किसी ग्रुप या क्लब के सदस्य हैं तो वहां भी पार्टी... नए साल के स्वागत की ढेरों तैयारियां गेस्ट्स को ध्यान में रख कर की जाती हैं, जिससे कि पार्टी में आया कोई भी शख्स बोर न हो। पार्टी खुद ऑर्गनाइज करने के बहाने आप अपने बडों को अपनी मैनेजमेंट स्किल्स से परिचित करवा सकते हैं।



**फेमिली आउटिंग**-चाहें तो अपनी फेमिली और कुछ खास फेमिली फ्रेंड्स के साथ मिलकर कहीं बाहर घूमने का प्लैन बना सकते हैं। ऐसी ट्रिप तभी ऑर्गनाइज करें जब उस सर्कल में हर एज ग्रुप के लोग हों। ऐसा न हो कि उसमें कोई बुजुर्ग या छोटा बच्चा उपेक्षित महसूस करे। किसी ऐसी लोकेशन का चयन करें जो हर मेंबर के लिए मुफीद हो। वहां जा कर आप जहां भी रुकना चाह रहे हों, पहले ही बुकिंग करवा लें। न्यू ईयर की चहल-पहल में कई बार किसी भी होटल में जगह नहीं मिल पाती है। बजट व टूरिस्ट स्पॉट्स भी सब साथ बैठ कर ही तय करें।

टिप- साथ में कार्ड्स, बैडमिंटन, लूडो जैसे गेम्स रख लें। चिप्स, बिस्किट्स, नमकीन, चॉकलेट्स व जरूरी दवाइयां जरूर ले जाएं। बहुत ज्यादा सामान न ले कर जाएं, कैरी करने में तो समस्या होती ही है, सामान छूटने का डर भी रहता है।

**टेरेस या गार्डन पार्टी**

अपार्टमेंट में रहने वाले लोग अकसर टेरेस या गार्डन पार्टीज का आयोजन करते हैं। घरों में रहने वाले पास के किसी पार्क, होटल या छत को अपना पार्टी वेन्यू बनाते हैं। आउटडोर पार्टी होने पर लाइटिंग की अनुकूल व्यवस्था रखें। अगर बुफे सिस्टम न हो तो कैंडल लाइट डिनर भी अरेन्ज किया जा सकता है। ऐसी पार्टीज में लोग अपने एज ग्रुप्स या फ्रेंड सर्कल्स के हिसाब से बंट जाते हैं।

## नया साल: बहाना छोड़ें, आगे बढ़ें


नए साल की शुरुआत में हम प्रति वर्ष ढेर सारे संकल्प लेते हैं, लेकिन धीरे-धीरे उत्साह ठंडा पड़ने लगता है और जिंदगी उसी ढर्रे पर वापस लौट आती है...पर इस बार ऐसा नहीं होगा। हम कोई महान संकल्प नहीं लेंगे और न ही बडी योजना बनाएंगे। सिर्फ अपने आपसे एक छोटा सा कमिटमेंट करें कि 2024 में अपनी गलतियों को छिपाने के लिए कोई बहाना नहीं बनाएंगे। बच्चों को हम बहाने बनाने के लिए अकसर डांटते हैं, पर खुद यह आदत क्यों नहीं छोड पाते। सिर्फ एक गलत आदत से पीछा छुडा लेने भर से हमारे जीवन में कई अच्छी बातें अपने आप शामिल हो जाएंगी। चाहे घर हो या दफ्तर, सेहत से जुडा मामला हो या संबंधों का, वक्त की पाबंदी हो या स्वच्छता से जुडे प्रयास। इन छोटी-छोटी बातों को अकसर हम अनदेखा कर देते हैं, पर अच्छी शुरुआत बेहद छोटे स्तर से भी की जा सकती है।

यह हमारे देश का सबसे लोकप्रिय बहाना है। चाहे रुटीन मेडिकल चेकअप के लिए जाना हो या मॉर्निंग वॉक पर। सेहत और अनुशासन से जुडे सभी मामलों में लोग यहीकहते हैं कि क्या करें वक्त नहीं मिलता... पर इस बार खुद से यह वादा करें अपना हर काम सही वक्त पर पूरा करेंगे।

## माता-पिता (कविता)

जिस माता-पिता ने हमें जन्म दिया
उनकी बात निराली है!
जिनकी हर डांट-फटकार
में प्यार समाया है,
हम जीवन में सब कुछ कर सकें
माता-पिता ने इस
काबिल हमें बनाया है!
जिनकी हर एक सीख में
है जीवन जीने का आधार,
माता-पिता का यही प्यार कि
भविष्य में बच्चों के
सपने हो साकार!


**-विकास मीणा, देवथला, जयपुर**



## नववर्ष (कविता)

हंसती और खिलखिलाती जिंदगी
एक बार फिर गुलजार हो जाये।
नए साल में खुशियों की ढेर सारी
फिर से बरसात हो जाये।
न महामारी जिंदा रहे न ही कोई
हिंसक प्रदर्शन चलते रहे।
नववर्ष में फिर से परमात्मा के
आशीष सबपर मेहरबान हो जाये।
न लुटे और लुटाए नेता और
रिश्वतखोर मेरे प्यारे वतन को।
फिर से भारत मे सुशासन आ
जाए व राष्ट्र में राम राज्य हो जाये।
भारत सोने की चिड़िया बन फिर
से खुशहाल हो जाये।
उद्योगों ,खेती,बेकारों व अमन की
दुर्दशा अब देखी नहीं जाती ।
भारत की पुण्य भू पर फिर
जय जवान ,जय किसान ,जय
विज्ञान हो जाये।
नया साल आया है सबकी जुबां
पर मुस्कान लेकर,
फिर से मेरा प्यारा मुस्कुराता
हिंदुस्थान हो जाये।
नए साल आने की खुशी में
परमात्मा भी
हम सब पर मेहरबान हो जाये।
हर तरफ खुशियां ,मुस्कानें,
मोहब्बतों व अमन का
पैगाम हो जाए।
मेरा प्यारा देश प्यार ,स्नेह, एकता
व समृद्धि का नया
हिंदुस्थान हो जाये

**-राजेंद्र आचार्य, भवानीमंडी**



**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email- hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
मोनिका प्रिन्टर्स
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU ! थाना मोड़, चौमूँ
फ्लैक्स/विनायल | ऑफसेट प्रिन्टिंग | पोस्टर / पम्पलेट | बिल-बुक | लेटर हेड
शादी कार्ड | सवामणी कार्ड | स्क्रीन प्रिन्टिंग | विजिटिंग कार्ड | आई - कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है ।
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

# स्वर्ण,रजत जीतने का बढ़ता हुनर

साल 2023 भारतीय खेलों के लिहाज से एक ऐसे वर्ष के रूप में याद किया जाएगा, जिसमें भारतीय खिलाड़ियों का संकल्प दिखा, जबकि साल 2024 संभावनाओं से भरपूर वर्ष नजर आ रहा है। क्रिकेट में भारतीय टीम ने विश्व कप फाइनल में जगह बनाने के लिए निस्संदेह शानदार खेल दिखाया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक खराब दिन ने विश्व खिताब जीतने की उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इस हार से उबरने में देश को कुछ समय लगा। रोहित शर्मा के नेतृत्व में टीम को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी मात मिली, मगर 2024 के लिए काफी संभावनाएं जगी हैं। कई युवा खिलाड़ी अपने प्रदर्शन की बदौलत टीम में आ रहे हैं और यह देखते हुए कि ट्वंटी-20 विश्व कप छह महीने दूर है, 2024 वह साल हो सकता है, जिसमें टीम इंडिया आईसीसी ट्रॉफी का सूखा खत्म कर सकती है। महिला क्रिकेट की बात करें, तो डब्ल्यूपीएल ने कई धारणाओं को तोड़ने का काम किया। पैसे और कॉरपोरेट का समर्थन मिलने के कारण इस खेल को नईऊर्जा मिली है। अब हमें टीम को और अधिक सुसंगत बनाना होगा। हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में मिली जीत और ऑस्ट्रेलिया पर मिली ऐतिहासिक जीत महिला क्रिकेट के लिए एक नई आगाज है। जरूरत 1983 या 2011 जैसा माहौल बनाने की है और अगर ऐसा कुछ होता है, तो यकीनन 2024 में पीछे मुड़कर देखने की आवश्यकता नहीं होगी।बेशक, विराट कोहली विश्व कप में हार से दुखी हैं, पर उन्हें वह रास्ता पता है, जो उनमें और टीम इंडिया में फर्क लाएगा। अपनी फिटनेस को एक अलग स्तर पर ले जाने के बाद उनकी वापसी भारत के लिए किसी कामयाबी से कम नहीं है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाना उनका नया लक्ष्य है। निस्संदेह, भारत के पास नए साल में पुरुष क्रिकेट पर दबदबा बनाने वाली टीम है। आज भारतीय क्रिकेट योग्यतम खिलाड़ियों से समृद्ध है और शायद ही कभी हमारे पास इतने अच्छे विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। साल 2023 भारत के लिए पदकों का साल रहा है। एशियाड में भारत का प्रदर्शन सबसे शानदार रहा है, कुल 107 पदकों के साथ भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी उस ताकत का एक छोटा परिचय दे दिया है, जिसका काफी समय से इंतजार था। एशियन पैरा गेम्स में भी भारतीय खिलाड़ियों ने 111 पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। इन विशेष खिलाड़ियों ने देश में पूरे खेल परिदृश्य को बदलकर रख दिया है। भारत में तमाम खेलों में छोटे शहरों से खिलाड़ी आ रहे हैं, पर उन्हें बेहतर माहौल देने की जरूरत है। कुश्ती संघ को लेकर साल भर जैसी शिकायतों का माहौल रहा है, वह जरूर दुर्भाग्यपूर्ण है। मगर बैडमिंटन में देखें, तो सात्विक-चिराग और एचएस प्रणय के लिए यह साल काफी अच्छा रहा। ये पेरिस, 2024 के लिए तैयार दिख रहे हैं और अगर भारत बैडमिंटन में ओलंपिक पदक जीतता है, तो यह आश्चर्य की बात नहीं होगी। उधर, कुश्ती और मुक्केबाजी की कहानी भी शायद ही अलग है।


राम गोपाल सैनी




## प्रथम क़दम फ़ाउंडेशन की डायरेक्टर कविता पंजवानी को वुमन पावर सोसाइटी ने किया सम्मानित

**जयपुर (हमारा वतन)।** प्रथम क़दम फ़ाउंडेशन की डायरेक्टर और फ़ाउंडर कविता पंजवानी को वुमन पावर सोसाइटी द्वारा उनके सामाजिक कार्यों को लेकर सम्मानित किया गया । कविता पंजवानी अनेक सामाजिक कार्य करती आ रही है । जैसे महिलाओं को रोज़गार देना, मुखबिर बच्चों को किताबें बाँटना, वृद्धजनों के लिए ब्लैंकेट वितरण करना, महिलाओं को शिक्षित करना व सैनिटरी पैड बाँटना आदि सामाजिक कार्य करती आ रही है। इन सब में इनका साथ पीयूष शाह भी दे रहे हैं ।

## लम्हें (कविता)

वक्त के लम्हें बीत रहे हैं जीवन के दिन जीत रहे हैं
हार के बैठे वक्त के आगे फिर हम कैसे जीत रहे हैं
अनजान मुसाफ़िर निकले हम अनजान सफर की राहों में
बीते लम्हें याद किये तो सफर में कितने मीत रहे हैं
हीमशिखर सी ऊंचाई और सागर वाली प्यास रही
लम्हा लम्हा रात कटी और पल पल ये दिन बीत रहे हैं
एक खुदा ने खेल रचा वो खेल रहा हम प्यादे हैं
समय चक्र की चाल चली वो जीत रहा हम बीत रहे हैं
बीते लम्हें याद करो नयनों से नीर टपकता है
हम आंसू वाली धार पकड़ कर जैसे तैसे बीत रहें हैं ।

**-विनोद शर्मा वेणु, जोगबनी (बिहार)**



### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में उमड़ी ग्राहकों की भीड़, खादी वस्त्रों पर मिल रही 50 प्रतिशत की बम्पर छूट

**जयपुर (हमारा वतन)।** बजाज नगर में राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, जयपुर द्वारा लगाई गयी खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2023-24 ग्राहकों को लुभा रही है। सर्दी बढ़ते ही खादी के उत्पादों को खरीदने के लिए ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है । खादी हानिकारक रसायन रहित और पर्यावरण हितैषी वस्त्र है। साथ ही खादी आत्मनिर्भर भारत की और एक बढ़ता कदम भी है। खादी अब युवाओं को रास आ रही है और देश के साथ विदेशों में भी लोकप्रियता बटोर रही है। इन प्रदर्शनियों से न केवल उत्पादकों को बाजार मिलता है, वहीं उपभोक्ताओं को भी अच्छे उत्पाद के चयन में आसानी होती है। भारत सरकार कतिन, बुनकर व खादी से जुड़े हर हाथ को सुदृढ़ बनाने का हर संभव प्रयास कर रही है। सरकार की मंशा खादी की लोकप्रियता बढ़ाने व आमजन तक इसकी पहुंच सुलभ करने की है।



राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ के मंत्री एवं खादी प्रदर्शनी के संयोजक अनिल शर्मा ने बताया कि 5 दिसंबर से प्रारंभ हुई यह प्रदर्शनी 13 जनवरी 2024 तक संचालित की जाएगी। रविवार तक लगभग 5 करोड़ 75 लाख की बिक्री हो चुकी है । यह प्रदर्शनी पिछले 13 वर्षों से निरंतर लगाई जा रही है। इस प्रदर्शनी में कुल 175 स्टाल लगाई जा रही हैं, जिनमें से 115 स्टॉल खादी व 60 स्टॉल ग्रामोद्योग उत्पाद की हैं। राजस्थान में उत्पादित खादी वस्त्रों पर 50 प्रतिशत और पर प्रान्तीय उत्पादित खादी वस्त्रों पर 25 प्रतिशत की छूट ग्राहकों को मिल रही है ।

# वेदांता इंटरनेशनल स्कूल गोविंदपुरा में क्रिसमस कार्निवाल एवं विज्ञान व कला प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)।** वेदांता इंटरनेशनल स्कूल गोविंदपुरा में शिक्षक-अभिवावक बैठक, क्रिसमस कार्निवल और विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमे बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले लगाए गए थे । झूलों पर बच्चों ने जमकर मस्ती की। विभिन्न लज़ीज एवं ज़ायकेदार व्यंजनों की स्टॉल्स थी जहां बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों ने भी लुत्फ उठाया।



स्कूल की प्राचार्या डॉ. योगिता जोशी ने बच्चों के बनाये हुए मॉडल्स की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों ने बहुत ही लगन एवं मेहनत से इन मॉडल्स को तैयार किया है । जिनमें कुछ वर्किंग मॉडल्स थे तो कुछ नॉन वर्किंग भी थे। वर्किंग मॉडल में वैक्यूम क्लीनर, गैस अलार्म, वॉटर टैंक अलार्म, क्रेन ,हाइड्रोलिक प्रेस, रेस्पिरेटरी सिस्टम आदि थे। वहीं चेष्टा का ताजमहल एवं भक्ति का लाल किला भी प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षण रहे । कक्षा नौ की छात्रा श्रेया ने अपने मॉडल से संपूर्ण निर्वाचन प्रणाली को बखूबी समझाया। चार्ली चैपलिन एवं सांता क्लाज़ ने भी बच्चों का खूब मनोरंजन किया । अभिभावकों ने बच्चों की मेहनत एवं कला को खूब सराहा एवं प्राचार्य डॉ.योगिता जोशी को खूब बधाई दी एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ जयपुर
Khadi India
आज़ादी का अमृत महोत्सव

खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी, 2023-24
राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, बजाज नगर, जयपुर
(राजस्थान की प्रमाणित खादी एवं ग्रामोद्योग संस्थाओं का मध्यवर्ती संगठन)
प्रवेश निःशुल्क
5 दिसंबर 2023 से प्रारंभ
समय दोपहर 12 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक
पार्किंग निःशुल्क
प्रांतीय उत्पादित खादी वस्त्रों पर 50% की छूट
परप्रांतीय उत्पादित खादी वस्त्रों पर 25% की छूट
प्रदर्शनी स्थल राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ बजाज नगर, गांधीनगर रेलवे स्टेशन के सामने, जयपुर
(खादी और ग्रामोद्योग आयोग भारत सरकार, द्वारा प्रसारित)

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमू शहर होगा